दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 02 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 96

# वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़, 12 श्रद्धालुओं की मौत, 13 घायल



**कटरा (आरएनएस)।** नए साल के मौके पर जम्मू कश्मीर में प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत होने की खबर है। जबकि 13 लोग घायल हुए हैं। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। भगदड़ मंदिर के गर्भगृह के बाहर गेट नंबर तीन के पास हुई। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की पुलिस ने बताया कि फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है और स्थिति नियंत्रण में है।

सोशल मीडिया पर भगदड़ के कुछ वीडियो जारी हुए हैं। इनमें दावा किया जा रहा है कि नए साल के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान भगदड़ मच गई। इसके चलते बहुत से श्रद्धालु बिना दर्शन किए ही वापस लौट रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि कई लोग मृत पाए गए हैं और उनके शवों को पहचान और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के लिए अस्पताल भेजा गया है। माता वैष्णो देवी नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल सहित दूसरे अस्पतालों में घायलों को भर्ती कराया गया है। कई घायलों की हालत 'गंभीर' बताई गई है।

जम्मू-कश्मीर में कटरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड चिकित्सा अधिकारी दत्त ने बताया मृतकों में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर के लोग शामिल हैं। मामले में अधिक जानकारी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। साथ ही यात्रा को रोक दिया गया है। वहीं पीएमओ की तरफ से ट्वीट कर बताया गया है कि भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक शख्स के परिवार को पीएमएनआरएफ की तरफ से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा है, 'माता वैष्णो देवी भवन में मची भगदड़ में लोगों की मौत से अत्यंत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा, मंत्री जितेंद्र सिंह और नित्यानंद राय से बात की और स्थिति का जायजा लिया।' वहीं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट करते हुए बताया है, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत रूप से माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ की घटना से उत्पन्न दुखद स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। पीएम ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और घायलों को हर संभव चिकित्सकीय मदद और सहायता प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं।' जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यालय ने ट्वीट कर बताया, 'भगदड़ में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों के इलाज का खर्च श्राइन बोर्ड उठाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्हें घटना की जानकारी दी। माननीय प्रधानमंत्री ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। माता वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ से हुई जनहानि से गहरा दुख हुआ है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना और घायलों के लिए प्रार्थना।'

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया, 'कटरा के माता वैष्णो देवी भवन में मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हुई है। घटना सुबह 2 बजकर 45 मिनट पर हुई और प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार किसी बात पर बहस हुई, जिसके परिणामस्वरूप लोगों ने एक-दूसरे को धक्का दिया और फिर भगदड़ मच गई।

## माता वैष्णो देवी की यात्रा दोबारा शुरू, भगदड़ मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को माता वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने के आदेश दिए, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए।

उन्होंने कहा, गृहमंत्री अमित शाह से बात की। उन्हें घटना के बारे में जानकारी दी। आज की भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

सिन्हा ने ट्विटर पर कहा, जांच समिति की अध्यक्षता प्रधान सचिव (गृह) करेंगे, जिसमें एडीजीपी, जम्मू और मंडलायुक्त, जम्मू के सदस्य होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि के रूप में सभी को 2 लाख रुपये की मंजूरी दी है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की। शनिवार तड़के करीब 2.45 बजे जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु बिना अनुमति वाली पर्ची के माता वैष्णो देवी भवन में दाखिल हुए तो भगदड़ मच गई।

## मुख्यमंत्री ने वैष्णों देवी मंदिर में भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर दुख प्रकट किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वैष्णों देवी मंदिर में भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि वैष्णों देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की मौत दुःखद घटना है, परिवारजनों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। श्री बघेल ने इस घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आज से शुरू हुआ 15-18 एज ग्रुप के लिए कोरोना वैक्सीन रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए साल पर केन्द्र सरकार ने 15 से 18 साल के किशोरों को वैक्सिनेशन का तोहफा दिया है। कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच शनिवार यानी एक जनवरी 2022 से कोविन पोर्टल या ऐप पर 15 से 18 साल के किशोरों के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो सुबह 10 बजे खुल गई है। सोमवार से इनका वैक्सिनेशन भी शुरू हो जाएगा। हाल ही में पीएम मोदी ने 3 जनवरी से 15-18 साल के किशोरों के लिए वैक्सिनेशन शुरू करने की घोषणा की थी। खास बात यह है कि अगर किशोरों के पास आधार कार्ड नहीं है, तो भी वह सिर्फ अपने 10वीं के आईडी कार्ड के साथ वैक्सिनेशन के लिए अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में भी 15-18 एज ग्रुप के किशोरों के लिए कोरोना वैक्सिनेशन की तैयारियां जोरों पर हैं। जानकारी के मुताबिक, इस कैटिगरी में करीब 10 लाख किशोरों का वैक्सिनेशन होना है। एलएनजेपी अस्पताल और दिल्ली में अन्य चिकित्सा केन्द्र के अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को कोविड टीका लगाने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार है। बड़ी संख्या में स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को भी कोविड वैक्सिनेशन सेंटर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और वहां भी व्यवस्था की जा रही है।

### हेलिकॉप्टर हादसे की जांच हुई पूरी, अगले सप्ताह वायु सेना मुख्यालय को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पिछले माह तमिलनाडु के कन्नूर में हुए हेलिकॉप्टर हादसे की जांच रिपोर्ट अगले सप्ताह वायु सेना मुख्यालय को सौंपी जा सकती है। तीनों सेनाओं के संयुक्त दल ने यह जांच की की है, जो करीब करीब पूरी हो चुकी है। जांच दल फिलहाल कई पन्नों की रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रहा है। आठ दिसंबर को हुए हेलिकॉप्टर हादसे में देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत समेत 13 सैन्य अधिकारियों की दुखद मृत्यु हो गई थी। हादसे में जनरल रावत की पत्नी मधुलिका रावत की भी जान चली गई। एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व वाले जांच दल ने इस हादसे में मानवीय त्रुटि समेत तमाम पहलुओं पर गौर किया है। जांच से जुड़े सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कुन्नूर हेलिकॉप्टर हादसे की भारी भरकम जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह लगभग तैयार हो गई है। सूत्रों ने बताया कि कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के नतीजों व जांच में अपनाई गई प्रक्रिया को कानूनी कसौटी पर परखा जा रहा है।

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में आग लगी, चार की मौत, 8 घायल

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में चार श्रमिकों की मौत हुई है और आठ अन्य घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री परिसर में अज्ञात कारणों से आग लग गई और इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। इसमें एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, व्यक्ति 20 प्रतिशत झुलस गया है, जिसके बाद उसे दूसरे अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं अन्य को मामूली चोट आई है। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री यहां से करीब 30 किलोमीटर दूर एक गांव में स्थित है और मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

### तालिबान ने पाकिस्तान को सीमा पर बाड़ बनाने से रोका

**काबुल।** अफगानिस्तान में सत्ताधारी तालिबान ने पाकिस्तानी सैन्य बलों को अफगान-पाकिस्तान सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ बनाने से रोक दिया। अफगानिस्तान के एक क्षेत्र निमरोज में रहने वाले स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान की सेना को सीमा पर बाड़ लगाने से रोकने को कहा है।यहां मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान की सेना कथित तौर पर चाहर बुर्जक जिले में एक चौकी का निर्माण करना चाहता है। बाड़ लगाए जाने का काम करने के दौरान पाकिस्तान की सेना अफगान सीमा में 15 किमी तक अंदर आ गई थी।

## महाराष्ट्र में फिर बन रही लॉकडाउन की स्थिति, 10 मंत्री और 20 विधायक मिले संक्रमित

### » डिप्टी सीएम ने दिए और सख्ती के संकेत



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने बताया कि राज्य में 10 मंत्री और 20 विधायक कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। संक्रमितों में स्कूल शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ और समाज कल्याण मंत्री के सी पदवी भी शामिल हैं। पवार ने कहा कि अगर राज्य में संक्रमण की संख्या ने रफ्तार पकड़ी तो सरकार और ज्यादा कड़े कदम उठाएगी। महाराष्ट्र में फिर से लॉकडाउन लगाने की स्थिति बन रही है और इस मामले में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे फैसला करेंगे। विधासनभा में इतने विधायकों और मंत्रियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद कहा जा सकता है कि राज्य में कोरोना विकराल रूप लेता जा रहा है। हाल का यह स्पाइक ओमीक्रोन वेरिएंट के सामने आने के बाद दिखा है। हालांकि, मंत्रियों और विधायकों में ओमीक्रोन संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, प्रदेशभर में कोविड-19 के शुक्रवार को 8067 नये मामले सामने आये जबकि गुरुवार को यह आंकडा 2699 पर था तथा आठ मरीजों की मौत हो गई।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, आज और कल शीत लहर चलने की संभावना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए साल 2022 की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में देश की राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है जिसके चलते शहर में कड़ाके की ठंड भी पड़ रही है। वहीं, शनिवार सुबह नए साल के मौके पर राजधानी दिल्ली में मौसम काफी ठंडा बना हुआ है, जबकि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और हल्की बारिश की वजह से मैदानी इलाकों में भी पारा गिर रहा है। वहीं, ढ्रुस्ड के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक ऐसी ही स्थिति रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी में आज न्यूनतम पारा 4 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। हालांकि राजधानी में कोहरा छाया रहेगा। वहीं, जम्मू में भी नए साल की शुरुआत भीषण ठंड से हुई। शहर में आज न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। ऐसे में श्रीनगर, लेह जैसे इलाकों में तापमान लगातार माइनस में बना हुआ है। यहां श्रीनगर में माइनस 3 डिग्री सेल्सियस तक तापमान के जाने की संभावना जताई गई है। अभी फिलहाल अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। उधर, लेह में पारा और गिरेगा। यहां माइनस 16 डिग्री न्यूनतम तापमान रह सकता है।

दिल्ली में बीते 3 जनवरी तक भीषण शीतलहर की संभावना के चलते बीते दिन मिनिमम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान दिल्ली के सफदरजंग इलाके में रहा, जबकि पालम इलाके में यह 7 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि आने वाले दिनों में राजधानी में गलन वाली ठंड जारी रहने की संभावना है।

## आयकर विभाग के नए ई-फाइलिंग पोर्टल पर 31 दिसंबर, 2021 तक 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आयकर विभाग के नए ई-फाइलिंग पोर्टल पर बढ़ाई गई अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2021 तक लगभग 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए हैं। 31 दिसंबर, 2021 को 46.11 लाख से भी अधिक आईटीआर दाखिल किए गए। पोर्टल पर सहज अनुभव सुनिश्चित कराने के साथ ही करदाताओं की सहायता करने के लिए हेल्पडेस्क द्वारा करदाताओं की 16,850 फोन कॉल और 1,467 चैट का जवाब दिया गया। इसके अलावा, विभाग अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर सहायता के लिए करदाताओं एवं प्रोफेशनलों के साथ सक्रिय रूप से संवाद करता रहा है और उनसे आवश्यक सहयोग करता रहा है। अकेले 31 दिसंबर, 2021 को करदाताओं और प्रोफेशनलों के 230 से भी अधिक ट्वीट्स का जवाब दिया गया।

आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 31 दिसंबर तक दाखिल किए गए कुल 5.89 करोड़ आईटीआर में से 49.6प्रतिशत आईटीआर1 (2.92 करोड़), 9.3प्रतिशत आईटीआर2 (54.8 लाख), 12.1प्रतिशत आईटीआर3 (71.05 लाख), 27.2प्रतिशत आईटीआर4 (1.60 करोड़), 1.3प्रतिशत आईटीआर5 (7.66 लाख), आईटीआर6 (2.58 लाख) और आईटीआर7 (0.67 लाख) हैं। इनमें से 45.7प्रतिशत से भी अधिक आईटीआर पोर्टल पर ऑनलाइन आईटीआर फॉर्म का उपयोग करके दाखिल किए गए हैं और शेष को ऑफलाइन सॉफ्टवेयर सुविधाओं से सृजित किए गए आईटीआर का उपयोग करके अपलोड किया गया है।

इसकी तुलना में 10 जनवरी, 2021 (आकलन वर्ष 2020-21 हेतु आईटीआर के लिए बढ़ाई गई अंतिम तिथि) तक दाखिल किए गए आईटीआर की कुल संख्या 5.95 करोड़ थी। अंतिम दिन यानी 10 जनवरी, 2021 को 31.05 लाख आईटीआर दाखिल किए गए थे, जबकि इस साल अंतिम दिन 46.11 लाख से भी अधिक आईटीआर दाखिल किए गए।

आयकर विभाग उन करदाताओं, टैक्स प्रैक्टिशनरों, कर प्रोफेशनलों और अन्य लोगों के बहुमूल्य योगदान को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार करता है जिन्होंने इसे संभव किया है। हम सभी के लिए सुचारू और सतत करदाता सेवा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए निरंतर अथक

## पाकिस्तान की ओर से हिंदू श्रद्धालुओं के चयन का भारत ने किया विरोध, आज वाघा बार्डर से रवाना होंगे 160 यात्री

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने पाकिस्तान हिंदू परिषद की ओर से खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में एक मंदिर के दर्शन के लिए चुनिंदा समूह को आमंत्रित करने के कदम का विरोध किया है। घटनाक्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि भारत अब भारतीय आयोजकों की ओर से चुने गए 160 तीर्थयात्रियों को भेजेगा। पाकिस्तान हिंदू परिषद, पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदाय की एक शीर्ष संस्था, ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के 250 हिंदुओं के एक समूह को परमहंस जी महाराज की समाधि पर जाने के लिए आमंत्रित किया था, जिनकी खैबर-पख्तूनख्वा के तेरी गांव में 1919 देहांत हो गया था।

दिसंबर 2020 में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल पार्टी के नेता के नेतृत्व में भीड़ द्वारा तोड़फोड़ के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद के आदेश पर तेरी में मंदिर को पाकिस्तानी अधिकारियों फिर से बनवाया गया है। अहमद ने इस साल हिंदू अल्पसंख्यक के साथ एकजुटता व्यक्त करने और पाकिस्तान के अन्य हिस्सों से तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए मंदिर में दिवाली भी मनाई थी।

## नए साल के पहले दिन सीआरपीएफ के 25 डिप्टी कमांडेंट को मिली पदोन्नति



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के 25 डिप्टी कमांडेंट (डीसी) को नववर्ष के पहले ही दिन पदोन्नति का तोहफा मिल गया है। इन्हें सेकंड इन कमांड (टू-आईसी) बनाया गया है। अभी ये अधिकारी जिस भी यूनिट, बटालियन या प्रतिनियुक्ति पर किसी दूसरे बल में तैनात हैं, उन्हें वहीं पर नया रैंक दे दिया गया है। पदोन्नति मिलने के फौरन बाद इन अधिकारियों का तबादला नहीं किया जाएगा। इसे लेकर सीआरपीएफ मुख्यालय बाद में आदेश जारी करेगा। सीआरपीएफ के डीसी, लंबे समय से इस पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे।

सूत्रों के अनुसार इस पदोन्नति का आदेश 31 दिसंबर 2021 को जारी हुआ है। पदोन्नत किए गए 25 डिप्टी कमांडेंट में से चार अधिकारियों को शील्ड कवर में पत्र मिला है। इसका मतलब है कि इन अफ़सरों से संबंधित कोई विभागीय औपचारिकता बाकी है। यह भी हो सकता है कि किसी मामले में इन अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही हो। उन्हें अपने बल मुख्यालय से विजिलेंस क्लीयरेंस न मिली हो। जिन अधिकारियों को शील्ड कवर में पत्र मिला है, उनमें बिपिन कुमार, विवेक कुमार सिंह, अनामी शरण और रितेश कुमार सिंह का नाम शामिल है। जबकि अन्य अधिकारी, जो टू-आईसी बने हैं, उनमें संजय कुमार, गजेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार सिंह, कुलदीप सिंह चाहर, संजीव कुमार सिंह, अजय दलाल, अरीच्छे एंथोनी महिओ, अरुण कुमार, विवेकानंद सिंह, अरुण कुमार सिंह, अयोध्या सिंह, राजीव सिंह, अरविंद सिंह यादव, श्याम कुमार चौधरी, इथापे पंडित कृष्ण राव, विक्रम कुमार, सदन कुमार, राजेंद्र कुमार, रामेश्वर यादव, पवन कुमार और सुबोध कुमार शामिल हैं। अब इन अफसरों की पदोन्नति होने के बाद सहायक कमांडेंट को डिप्टी कमांडेंट बनाया जाएगा। हालांकि पदोन्नति नीति को लेकर कैडर अफसर खुश नहीं हैं।

**12 से 15 साल में प्रमोशन–** सीआरपीएफ के अनेक कैडर अधिकारी पदोन्नति में देरी, ओजीएएस और एनएफएफयू को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। दिल्ली हाईकोर्ट में भी इसे लेकर कई मामले लंबित हैं। अदालत के हस्तक्षेप से ही कैडर अधिकारियों को एनएफएफयू का फायदा मिल सका है। बल में मौजूदा पदोन्नति का स्तर ऐसा है कि सहायक कमांडेंट के पद पर भर्ती हुआ अधिकारी 30 साल बाद ही डीआईजी बन पाता है। बहुत से कैडर अधिकारी ऐसे भी हैं, जो कुछ ही समय तक डीआईजी रहे और रिटायर हो गए। कमांडेंट बनने के लिए 20 साल से ज्यादा वक्त लग रहा है। सहायक कमांडेंट के बाद पहला प्रमोशन डिप्टी कमांडेंट का होता है, आज की स्थिति में दूसरा रैंक लेने के लिए कैडर अफसरों को 12 से 15 साल का वक्त लग जाता है। नतीजा, अनेक कैडर अधिकारी त्यागपत्र देकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में जॉब करने को मजबूर हैं।